तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025

13 पुलिस भर्ती में मैनपुर ने लहराया परचम एक वर्ष में...

14 ईमानदारी की मिसाल है कंडरा समाज : रोहित




मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. | फ्रिज | वाशिंग मशीन | कूलर | पंखा | दीवान (पलंग) | अलमारी | ड्रेसिंग | डायनिंग टेबल | सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## खबर संक्षेप

### पंच से मारपीट

**महासमुंद।** पिरौद के एक पंच के साथ तीन लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस को पंच दुर्योधन भोई ने बताया कि 16 अप्रैल को गुलाबी गैंग द्वारा शंकर मंदिर के पास किए जा रहे मीटिंग में वह रात करीब 9.30 बजे गया था। जहां लीलसिंह पटेल, सूरज प्रधान व जोहन सिंह यादव द्वारा तुमने शासकीय बोर में मनीष प्रधान को मोटर लगाने क्यों कहा है कहते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी।

### गाली देने से मना किया तो मारपीट


**महासमुंद।** गाली देने से मना कर ने दो लोगों ने ग्राम कनपला के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट बलौदा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को टंकधर छत्रपति पिता उग्रसेन छत्रपति (42 वर्ष) निवासी कनपला ने बताया कि गांव के धनेश्वर बगर्ती एवं धनीराम बगर्ती आये दिन गाली देते रहते हैं। जिससे गली में आने जाने वाली महिलाओं को परेशानी होती है। 18 अप्रैल को भी वे लोग गाली गलौज कर रहे थे।

## समस्या : भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौनी से बढ़ी परेशानियां

# पेयजल संकट और बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी, जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

गर्मी अपने चरम पर है और इसका सीधा असर आम जनजीवन के साथ-साथ जल स्त्रोतों पर भी साफ देखा जा सकता है। नदी-नालों की धार सूख चुकी है, तालाब और पोखर पूरी तरह खाली हो चुके हैं। इससे लोगों को निस्तारी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वनांचल क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। यहां के ग्रामीणों को पेयजल के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। हैंडपंपों में पानी का स्तर तेजी से नीचे चला गया है और कई जगहों पर तो हैंडपंप पूरी तरह बंद हो चुके हैं। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना भी चुनौती बन गया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौली ने समस्याओं को और गंभीर बना दिया है। अक्सर घंटों बिजली गुल रहने से पंखे, कूलर जैसे साधन बेकार हो जाते हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों को हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल जल संकट और बिजली कटौती की समस्या को गंभीरता से लेने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### लचर बिजली व्यवस्था से मैनपुरवासी त्रस्त, भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुसीबत

**मैनपुर।** इन दिनों मैनपुर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमरा सी गई है। हल्की बारिश के साथ ही लगातार जंगलों के भीतर बिजली के तार टूटने से मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों गांव अधेरे में घंटो डुब जाता है, और लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिन -रात में दर्जनों बार बिजली बंद हो रही है। बिजली मानों कहर ढा रहा है जबकि भीषण गर्मी के दिनों में ,रात दिन किसी भी समय बिजली बंद हो रही है कब बिजली व्यवस्था बहल होगी बताने वाला कोई नहीं है जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में अब



बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर नराजगी देखने को मिल रही है, मैनपुर क्षेत्र में पिछले एक पखवाडे से बिजली की लचर व्यवस्था से लोगो में आक्रोश देखने को मिल रहा है और तो और बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारी फोन भी नहीं उठाते बिजली कहा से बंद है कब बहाल होगी बताने वाला कोई नहीं है। रविवार को सुबह 08 बजे से जो बिजली बंद हुआ मैनपुर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव में शाम तक बिजली बंद रहा। भीषण गर्मी में लोग व्याकुल हो गए लेकिन बिजली कहा से बंद थी बताने वाला कोई नहीं है, मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर नगर में सढौली और इदागांव से बिजली की सप्लाई होती है लेकिन इदागांव लाइन में फाल्ट आने के बाद भी सढौली से आने वाली बिजली का लाभ नगर को लोगों को नहीं मिल रहा है और तो और पिछले एक सप्ताह ▸▸ शेष पेज 13 पर



## बाजार में मधुमक्खियों का हमला, मची भगदड़, एक दर्जन से ज्यादा घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

रविवार दोपहर को उस समय अफरा तफरी मच गई जब मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। साप्ताहिक बाजार में मधुमक्खियों के झुंड के द्वारा हमला करने से दुकानदार दुकान छोडकर भागे वहीं एक दर्जन से ज्यादा लोगो को मधुमक्खियों ने काटा है जिनका इलाज अस्पातल में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर ग्राम धवलपुर में साप्ताहिक बाजार लगा था दोपहर को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे 12 से 15 लोग घायल हो गए डर के मारे दुकानदार दुकान छोडकर भागे। वहीं पूरा बाजार में



सन्नाटा पसर गया, मिली जानकारी के अनुसार साप्ताहिक बाजार के पास ही सेम्हर के पेड में मधुमक्खियों के दर्जनों छत्ते है और किसी के द्वारा मधुमक्खियों के छत्ते को नुकसान पहुंचाने से मधुमक्खियों का दल हमला कर दिया।



## डीएवी स्कूल में मनाई गई हसंराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में शनिवार को आर्य समाज के महान शिक्षाविद्, समाज सुधारक एवं डीएवी आंदोलन के जनक महात्मा हंसराज जी की जयंती को समर्पण पर्व के रूप में हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं वैदिक मंत्रेच्चारण के सामूहिक पाठ से हुई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। संगीतमय भजन मंत्रेच्चारण के साथ हवन यज्ञ कर महात्मा हसंराज जी को श्रद्धांजलि देते हुए सुख शांति और बच्चों के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की गई स प्राचार्या सुमिता सिंह ने महात्मा हंसराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को नमन कियास अपने संबोधन में महात्मा जी के जीवन–दर्शन, उनके सेवा कार्यों एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व योगदान को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों ने हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा जैसे प्रेरणादायक गीत तथा कविताओं के ▸▸ शेष पेज 13 पर

## डॉ. आंबेडकर ने भारत को नई दिशा दी : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

- बौद्ध महार समाज को समाज भवन निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती नगर में धूमधाम और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाई गई। महाविद्यालय परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के सभी समाजों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा, /"डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक समता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक भी थे। उन्होंने जीवन भर जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। विधायक ने इस अवसर पर बौद्ध महार समाज को समाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा कर सबका ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने की, वहीं विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहन ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला ▸▸ शेष पेज 13 पर

### श्रीमद्भागवत कथा में रीक्षित मोक्ष का किया सुंदर वर्णन

## जहां भक्ति वहां स्वमेव प्रकट होते हैं ज्ञान और वैराग्य : प्रिया किशोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा




ग्राम कोसमबुडा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन पर कथा श्रीधाम वृन्दावन से आई कथा वाचिका प्रिया किशोरी ने चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, ▸▸ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

# निगम-मंडल की दूसरी सूची के बाद बनेगी प्रदेश भाजपा की नई टीम

**किरण देव की टीम में होगा बड़ा बदलाव, कार्यकारिणी के दो दर्जन पदाधिकारियों को मिल गए हैं नए पद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अभी और इंतजार करना होगा। एक तो संगठन में पहले मंडल और फिर जिलों की कार्यकारिणी को पूरा करना है। इसी के साथ प्रदेश सरकार निगम, मंडल की एक और सूची जारी करने वाली है। इस सूची में भी प्रदेश संगठन के कई नेताओं को पद मिल सकते हैं। ऐसे में तय है कि इस सूची के बाद ही प्रदेश की नई टीम बनेगी। प्रदेश संगठन की नई टीम में बड़ा बदलाव तय है, क्योंकि प्रदेश की टीम के करीब दो दर्जन नेताओं को निगम, मंडल में पद मिल गए हैं। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। इस समय मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम हो रहा है। इसका काम पूरा होने के बाद भाजपा ने 36 संगठन जिलों में कार्यकारिणी बनेगी। इस माह के अंत तक मंडल और जिलों की कार्यकारिणी के पूरे होने की संभावना है।

### दो दर्जन पदाधिकारियों को मिल गए नए पद

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चार प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, नीलू शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हस्के, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, तीन संभाग प्रभारी रायपुर के सौरभ सिंह, सरगुजा के राजा पांडेय, बिलासपुर के अनुराग सिंहदेव, प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य और पुराने दिग्गज नेता रामप्रताप सिंह, रामसेवक पैकरा, राजीव अग्रवाल, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, चंद्रकांति वर्मा, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक, राकेश पांडेय को निगम, मंडल में पद मिले हैं। इनके स्थान पर नए चेहरों को कार्यकारिणी में मौका मिलेगा। इसी के साथ निगम, मंडल की दूसरी सूची में भी जिनको पद मिलेंगे, उनके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम सेना ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**रायपुर।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम सेना छत्तीसगढ़ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्रीराम चौक नेहरू नगर से निगम मुख्यालय, टिकरापारा बिजली ऑफिस होते हुए वापस कालीबाड़ी चौक में जाकर समाप्त हुई। यह जानकारी श्रीराम सेना महानगर अध्यक्ष शक्ति दुबे ने देते हुए बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीराम सेना छत्तीसगढ़ संस्थापक प्रदेश संयोजक श्रवण अन्नू रक्सेल ने भगवा ध्वज लहराकर किया। इस अवसर पर श्रीराम सेना जिला रायपुर अध्यक्ष जितेश सोनानी, महानगर उपाध्यक्ष बंटी महाराज, अभिषेक, कमलेश, नगर अध्यक्ष संजू गुप्ता, हर्ष सोनी एवं समस्त पदाधिकारी आदि सैकड़ों सैनिक शामिल हुए।

### साइबर टीम ने सटोरिए को धर दबोचा, रकम जब्त




**रायपुर।** एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की टीम ने थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्रांतर्गत स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर यूनिट तथा थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित करते आरोपी ऋषभ तलरेजा निवासी तिल्दा नेवरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी रकम 10500 रुपए एवं सट्टा-पट्टी पर्ची जब्त की है।

### मौहागांव में खाद्य सुरक्षा का उल्लंघन चावल में मिलावट का मामला उजागर



**सिलयारी।** धरसींवा ब्लाक मुख्यालय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मौहागांव से बड़ा मामला सामने आया है। जहां शासकीय उचित मूल्य दुकान में भारी अनियमितता सरकार की योजना अंतर्गत वितरित किए जा रहे मुफ्त चावल में रेत, कंकड़ , मिलावट का गंभीर मामला सामने आया है। यह मामला 3 से 4 माह से मिलावटी चावल का वितरण किया जा रहा था ग्रामीणों ने सेल्स मैन से शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने इसी जानकारी जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी को दी गई। सूचना पर जयाज लेने शनिवार को जिला पंचायत सदस्य व सरपंच डिकेश्वरी वर्मा, जनपद सदस्य ईश्वरी भारती, उपसरपंच कैलाश बांधे, पंच चंपक गिलहरी, मितानिन कुमारी बाई कोसले, ग्रामवासी सुरेश वर्मा, अमरचंद गिलहरी, अशोक कुमार गिलहरी, बिहारी लाल भारती, तथा समस्त मौहागांव ग्रामवासियों सहित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में चावल की बोरियों की जांच में चावल में घटिया व मिलावटी सामग्री पाए जाने की पुष्टि हुई है। इस पर जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई करने एवं दोषियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। साथ ही मौहागांव के ग्रामवासियों से अपील की है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई गड़बड़ी पाई जाए तो उसकी सूचना तुरंत पंचायत कार्यालय या संबंधित अधिकारियों को दें।

**समाज ने कांग्रेस पार्टी को दिया था 24 घंटे का अल्टीमेटम, फैसला नहीं बदलने पर फूटा गुस्सा**

# संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष से हटाने के विरोध में राजीव भवन के सामने साहू समाज ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस पार्षद और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष पद से संदीप साहू को हटाने पर छत्तीसगढ़ में साहू समाज का विरोध तेज हो गया है। पार्टी के इस फैसले के खिलाफ आक्रोशित साहू समाज के पदाधिकारियों ने शनिवार को राजीव भवन के सामने जमकर प्रदर्शन किया। हाथों में बैनर पोस्टर लिए समाज के लोगों ने नारेबाजी भी की। इससे पहले साहू समाज ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन समय सीमा पूरी होने के बाद भी फैसला नहीं बदले जाने पर इसकी नाराजगी राजीव भवन के सामने गुस्से के रूप में फूट पड़ी। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया।

दरअसल, गत माह कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में वीर सावरकर वार्ड के पार्षद संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया था। निगम बजट के दौरान श्री साहू ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूरी दमदारी से सदन के समक्ष अपनी बात रखी। सत्ता पक्ष को अपने सवालों से निरूत्तर करते हुए उन्होंने सदन में धाक जमाई। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में उनके नाम की पट्टिका लगने के साथ ही उनके पदभार की तैयारी भी चल रही थी, लेकिन एकाएक अब पार्टी ने उनसे बिना चर्चा किए और जानकारी दिये संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष पद से हटा कर बागी नेता आकाश तिवारी को नया नेता प्रतिपक्ष बना दिया है। इस बदलाव को लेकर पार्टी की ओर से न तो कोई स्पष्ट




कारण बताया गया और न ही किसी प्रकार की सूचना दी गई। इस फैसले को साहू समाज के न केवल संदीप साहू का, बल्कि पूरे समाज के आत्मसम्मान पर हमला बताया है। समाजजनों का कहना है कि संदीप साहू न केवल पार्टी के जमीनी कायकर्ता रहे हैं, बल्कि उन्होंने हर हमेशा जनता के लिए काम किया है। दो बार निगम चुनाव जीतने वाले युवा नेता को इस तरह से हटाया जाना अलोकतांत्रिक है। शनिवार को साहू समाज के लोग कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन पहुंचे और सड़क पर बैठकर पार्टी के फैसले का विरोध किया। साहू समाज की ओर से मांग की गई कि पार्टी तुरंत अपना फैसला वापस ले और संदीप साहू को फिर से नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। प्रदर्शन कर रहे कुछ पदाधिकारियों को पुलिस ने मौके पर हिरासत में लिया। इसके बाद भी प्रदर्शन जारी रहा। समाज के लोगों का कहना है अगर पार्टी ने जल्द फैसला नहीं बदला तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। हरदिहा साहू समाज के जिला अध्यक्ष विनय साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज साहू, झेरिया साहू समाज के जिला अध्यक्ष केशवराम साहू, युवा प्रकोष्ठ के देवदत्त साहू, लीलाधर, बंटी साहू, साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के सलाहकार प्रदीप साहू, क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने सिविल सोसाइटी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम बंगाल में कानून की भयावह स्थिति और हिंदुओं पर हो रहे हमले को देखते हुए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने इस मामले में राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित किया है। उनका तर्क है कि राज्य प्रशासन संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल हो रही है।

- कानून व्यवस्था की भयावह स्थिति एवं हिंदू जेनोसाइड पर जताई चिंता

छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने पत्र में उल्लेख किया है कि पश्चिम बंगाल में संगठित हमले और भीड़ की हिंसा के कारण हिंदू समुदाय को जान-माल की हानि हो रही है। आतंक के माहौल की वजह से कई परिवारों को पलायन करना पड़ रहा है। राज्य शासन इसे रोक पाने में असफल हो रहा है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन हो रहा है। इसे देखते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सिविल सोसाइटी का तर्क है कि राष्ट्रपति शासन लगाकर भविष्य में होने वाली जान-माल की हानि को रोका जा सकेगा, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी और राज्य में लोकतांत्रिक और संवैधानिक शासन को बहाल किया जा सकेगा।

# कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नक्सलियों के शांति वार्ता प्रस्ताव का पत्र सही है या नहीं, गृहमंत्री को स्पष्ट करना चाहिये। अभी तक चार-पांच पत्र मीडिया के माध्यम से सामने आया, लेकिन सरकार की तरफ से इस मामले में कोई ठोस जानकारी नहीं आई। कहीं झूठी वाहवाही लेने के लिए सरकार ने ही तो पत्र प्रचारित नहीं करवाया है।

प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री निवास के घेराव के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंता को लेकर प्रदेश की गूंगी, बहरी सरकार को जगाने कांग्रेस 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेशभर के कांग्रेस जन राजधानी में एकत्रित होकर बढ़ते अपराधों के प्रति चिंता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

### प्रतियोगी परीक्षा में फीस छात्रों के साथ अन्याय

साय कैबिनेट द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में इंटरव्यू में पहुंचने पर परीक्षार्थियों की फीस वापस करने के फैसले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह युवाओं के साथ अन्याय है। कांग्रेस की सरकार के समय सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निःशुल्क कर दिया गया था। साय सरकार अब छात्रों से भर्ती का फार्म भरने पर शुल्क लेगी, यह अन्याय है। जो छात्र इंटरव्यू में पहुंचेगा, उन्हीं की फीस वापस होगी। गरीब छात्र कहां से फीस का पैसा लाएंगे? ऐसे में एससी, एसटी छात्र, ग्रामीण, तो फार्म भरने से डरेंगे।

### पीसीसी अध्यक्ष ने घेराव की तैयारी को लेकर बैठक ली



राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर 21 अप्रैल को कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में वरिष्ठ नेताओं, ब्लाक अध्यक्षों तथा रायपुर के कांग्रेस नेताओं की बैठक ली। कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, एआईसीसी पूर्व सचिव विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद चौबे, मदन तालेड़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व महापौर ऐजाज ढेबर, महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, शिव सिंह ठाकुर, श्री कुमार मेमन, सीमा वर्मा, शारिक रईस खान, अजय अग्रवाल, मो. सिद्दीक, प्रशांत ठेंगड़ी, नवीन चंद्राकर उपस्थित थे।

### कांग्रेसी घेरेंगे सीएम हाउस, आमसभा को सफल बनाने मंथन



प्रदेश में बिगड़ी कानून ब्यवस्था को लेकर सीएम निवास घेराव की रूपरेखा तैयार करने के लिए बिरगांव निगम के महापौर निवास में बैठक की गई। इसमें तय किया गया कि किस तरह से लोग इस विरोध का हिस्सा बनेंगे। किस रूट से लोग विरोध के साथ घेराव के लिए निकलेंगे, इसके लिए अलग-अलग युवा कांग्रेसियों को जिम्मेदारी भी बांटी गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस ग्रामीण ऊधो वर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, ग्रामीण विधान सभा प्रभारी राजेन्द्र बंजारे की उपस्थिति में होने वाले विरोध और घेराव को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कांगेस कमेटी के आह्वान पर 21 अप्रैल को अबोध बालिकाओं और महिलाओं के साथ लगातार बढ़ते अपराध और प्रदेश में भाजपा सरकार की नाकामी को लेकर मंथन किया गया। आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री निवास घेराव के बाद विशाल आमसभा होगी। इसमें पदाधिकारी भी सभा की अगुवाई के लिए मंचस्थ रहेंगे। बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, बिरगांव निगम के सभापति कृपाराम निषाद, एमआईसी मेंबर इकराम अहमद, पार्षद उबारन दास बंजारे, राजाराम देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## डिप्टी सीएम शर्मा से चर्चा के बाद पंचायत सचिवों की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीयकरण और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पिछले 32 दिनों से हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने राज्य स्तरीय हड़ताल को स्थगित करने का फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल निषाद ने बताया कि डिप्टी सीएम और पंचायत मंत्री विजय शर्मा से हुई बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पंचायत सचिव धरने पर बैठे थे। साथ ही 28 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। सरकार से हुई सकारात्मक बातचीत के बाद आंदोलन को फिलहाल रोक दिया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी, जिसके आधार पर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। साथ ही यह तय किया गया कि चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए नई मार्गदर्शिका भी जल्द जारी की जाएगी।

- पंचायत विभाग की कमेटी की रिपोर्ट अगले वर्ष आने के बाद करेंगे विचार

### वेतन विसंगति दूर की जाएगी

सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि वर्तमान में 15 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सचिवों के वेतन सत्यापन से जुड़ी विसंगतियों को दूर किया जाएगा और आंदोलन की अवधि में रुका हुआ वेतन भी शीघ्र स्वीकृत किया जाएगा। चार दिन तक चली चर्चा के बाद बनी इस सहमति को पंचायत सचिवों ने संघर्ष की आंशिक जीत मानते हुए हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

### बृजमोहन ने की फिल्म डायरेक्टर पर कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के विवादित जातिसूचक बयान पर भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति, संप्रदाय के नाम पर विद्वेष फैलाना चाहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। दरअसल यह विवाद बुधवार को तब शुरू हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक यूजर को जवाब देते हुए ब्राह्मणों को लेकर बेहद शर्मनाक बात लिखी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल मचा और लोगों ने उनकी आलोचना की।

## नई नगर विकास योजनाओं और री-डेवलपमेंट की योजनाएं पर होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने शनिवार को प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कमल विहार जैसी नई नगर विकास योजनाएं बनाने और रीडेवलपमेंट योजना पर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। बजट की जानकारी लेते हुए उन्होंने पूर्ण विकसित हो चुकी योजनाओं को नगर निगम और विद्युत सब-स्टेशन विद्युत मंडल को हस्तांतरित करने तथा वर्तमान योजनाओं में साफ-सफाई, बकाया राशि वसूली पर जोर दिया। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशन में तैयार किए गए पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान में चल रही विकास और निर्माण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें कौशल्या माता

- आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू की पहली समीक्षा बैठक



विहार नगर विकास योजना, इंद्रप्रस्थ रायपुरा, बोरियाखुर्द योजना निर्माणाधीन फ्लैट्स, डिपाजिट योजना के अंतर्गत देवेंद्र नगर योजना में बन रहे प्रधानमंत्री एकता माल की भी जानकारी दी। चर्चा के दौरान प्राधिकरण की संपत्ति विक्रय का विवरण और शिकायतों के लिए इंटनेट के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा प्रारंभ किए जाने के बारे में बताया गया कि इससे कोई भी भारतीय नागरिक रायपुर में प्राधिकरण की संपत्तियों को खरीदने के लिए देश-दुनिया के किसी भी कोने से आवेदन कर सकता है। यह प्रक्रिया काफी पारदर्शी है। इससे प्रापर्टी एजेंट आम लोगों को परेशान नहीं कर पाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद सहित अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।

## सेवा सत्संग के रूप में मनाया अवतरण दिवस, हवन के साथ सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

योग वेदांत सेवा समिति द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम में अवतरण दिवस विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न गरीबों, जरूरतमंदों में भंडारा व जीवनोपयोगी सामग्री का वितरण भी किया गया। सरस्वती नगर थाना के सामने और मोहबा बाजार चौक पर निःशुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ व जल प्याउ की सेवा की गयी। यह सेवा पूरे गर्मी के सीजन में निरंतर जारी रहेगी।

- मोहबा बाजार में शर्बत छाछ का नि:शुल्क वितरण

शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरुवंदना से हुई। इसके बाद बापू की जीवनलीला पर आधारित सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद गुरु पादुका पूजन, मानस पूजन, सत्संग एवं दोपहर 12 बजे से अवतरण दिवस का भव्य उत्सव मनाया गया। इसमें साधकों ने भगवन्नाम कीर्तन पर सामूहिक नृत्य भी किया। आंबेडकर अस्पताल के आपात कालीन चिकित्सा विभाग में युवा सेवा संघ के सेवादारों द्वारा मरीजों को निःशुल्क फल वितरण किया गया। योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही सम्भव है।



### हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली

अवतरण दिवस के पूर्व संध्या पर सुभाष स्टेडियम से शाम 4 बजे संकीर्तन यात्रा निकाली गयी। श्री विग्रह से सजे रथ, बाल संस्कार केंद्र की मोहक झांकी और घोड़े पर सवार बालिकाएं संकीर्तन यात्रा में आकर्षण का केंद्र बनीं। यह शोभायात्रा सुभाष स्टेडियम से शुरू होकर महिला थाना चौक, निगम मुख्यालय सप्रे शाला मार्ग पुरानी बस्ती थाने के पास से होकर कंकालीपारा, सत्ती बाजार से होते हुए वापस सुभाष स्टेडियम पहुंची। साधकों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह जलपान से स्वागत किया गया।

## चयन : जिले के बड़ी संख्या में युवक-युवती पुलिस भर्ती की कर रहे हैं तैयारी

# पुलिस भर्ती में मैनपुर ने लहराया परचम एक वर्ष में 32 युवाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नक्सलगढ कहे जाने वाले गरियाबंद जिले में अब डर छट गया, पिछले 6 माह में 100 से ज्यादा युवक -युवतियों ने यूनिफॉर्म सर्विस के लिए अपलाई किया था, जिसमें 32 लोग हो गए चयनित, इनमें से 10 से ज्यादा युवक युवती घोर नक्सली क्षेत्र मैनपुर इलाके से, विगत 8 माह में गरियाबंद जिले से यूनिफार्म सर्विस के लिए 32 युवक युवती चुने गए हैं, जिनमें आधे मैंनपुर जैसे घोर नक्सल प्रभावित इलाके से आने वाले हैं। आदिवासी परिवार से भी युवक -युवती यूनिफॉर्म सर्विस में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लेने लगे हैं, भर्ती का यह आंकड़ा अब तक सर्वाधिक माना गया है, गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने आंकड़े की पुष्टि करते हुए बताया कि पिछले कुछ माह में सूबेदार/उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर में 15, आरक्षक (जीडी) में 3, सीआरपीएफ में 3, सीआईएसएफ में 2, आईटीबीपी में 2, अग्निवीर के 5 और नगर सेना में 2 की भर्ती हुई है, सभी ट्रेनिंग ले रहे हैं।

खास खबर

### जाड़ापदर की बेटी बनी सबइंस्पेक्टर

मुख्यालय से महज 3 किमी दूरी पर बसा है जाड़ापदर गांव, यहां से 15 किमी दूरी पर ही जनवरी माह में भालूडीगी कुल्हाडीघाट पहाड़ी इलाके में 16 नक्सली मारे गए थे। इसी गांव के ईद गिर्द में ही नक्सलियों की चहल कदमी होती थी।लेकिन गांव के गौर सिंह नागेश का परिवार ने साहस का परिचय दिया 2021 में बेटी लिना नागेश ने भतऍं परीक्षा में भाग लिया, अक्टूबर 2024 में जब रिजल्ट आया तो वह 24 साल की थी, फरवरी 2025 में रायपुर के ट्रेनिंग सेंटर चली गई। घर में बड़ा भाई मिथलेश आरक्षक है, भाभी जमुना नागेश नगर सैनिक में है। लिना के चलते अब गांव में 20 से ज्यादा लोग पुलिस सेना में जाने की तैयारी कर रहे हैं।इस गांव में दो अग्निवीर भी है। बड़े भाई विक्की नायक और अपने अन्य मित्र के साथ ढलते शाम को गांव के बाहर दौड़ लगाने निकले अग्निवीर प्रमोद नायक बताते हैं कि पहले नक्सली गतिविधियों के कारण शाम को घर से बाहर निकलने में डर लगता था, अब बेझिझक सभी युवा तैयारी कर रहे हैं। लिना की मां उपासी बाई सरपंच बन गई है। उन्होंने ने कहा कि इन सब के लिए जिला पुलिस और जंगल में आमने सामने लड़ने वाले जवानों का आभार,जिनके शौर्य पराक्रम के चलते हम अब निभऍक होकर अपनी इच्छा के अनुरूप काम कर रहे हैं।
















### दूसरा बस्तर बनाने के मनसूबे पर पानी फिरा

एक दशक पहले यानी वर्ष 2010 के बाद गरियाबंद जिला नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना बन गया था। भौगोलिक परिस्थितिया माकूल थी इसलिए खुंखार नक्सली चलपती जैसे बड़े कैडर वाले नक्सली नेताओं की मौजूदगी में इलाके को दूसरा बस्तर बनाने की पूरी तैयारी थी।जिला नक्सलियों का सुरक्षित कारीडोर बना हुआ था,जहा तेलंगाना बस्तर से ओडिसा राज्य को जोड़ नियंत्रित किया जाता था। अंदरूनी ईलाक से दर्जन भर से ज्यादा युवक युवतियों को बहला फुसला कर नक्सलियों ने अपने संगठन में शामिल भी करना शुरू कर दिए थे।समय समय पर हुए मुठभेड़ में इसका खुलासा भी होता रहा है।

### सीआरपीएफ कैंप में सीखा गुर, सीआईएसएफ बन गया पोस्ट मास्टर का बेटा

एक समय में नक्सली आमद रफ्त को लेकर इंदागांव सुर्खियों में था,लेकिन 2011में कैंप खोलने के बाद यहां आवाजाही नियंत्रित हुआ। सीआरपीएफ 211 बटालियन का कैंप है।इसी कैंप में जवानों को देखकर पोस्ट मास्टर राज प्रताप का बेटा अविनाश ने भी वदऍ पहनने की ठान लिया।लगाव इतना था कि वह कैंप में आकर सुबह शाम दौड़ लगाया करता था।युवा के जुनून को देखकर उसे पदस्थ एक सीआरपीएफ के अफसर ने गाइड करना शुरू किया।21साल का अविनाश 2024 में भतऍं प्रकिया में शामिल हुआ।दिसंबर 2024 में परिणाम आया।14जनवरी को ज्वाइनिंग करने के बाद अब राजस्थान के कोटा देवली में ट्रेनिंग दे रहा है। 9 माह की ट्रेनिंग इसी सेंटर में पूरा किया। दबनई पंचायत के लेडीबहरा का आदिवासी युवक खिलेस ठाकुर भी अविनाश के साथ चयनित हुए।ये दोनों युवक जिले के पहले सीआईएसएफ के जवान बने।

### ढीली पड़ी नक्सली संगठन की पकड़

जनवरी माह में चलपति समेत 16 नक्सली मारे गए थे, जिसके बाद संगठन की पकड़ ढीली पड़ गई। 80 घंटे तक चलने वाले इस मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के बिछाए कई बम डिफ्यूज किए गए।8लाख नगद समेत हथियार और जमीन में गाड़े गए विस्फोटक बरामद हुए।तीन नक्सली सदस्यों ने भी सरेंडर किया।जनवरी में हुए बड़ी मुठभेड़ के बाद पंचायत चुनाव में नक्सली बदला ले सकते थे,लेकिन सरेंडर नक्सलियों ने बताया कि घटना के बाद बिखराव की स्थिति बन गई जिसके कारण अब किसी भी वारदात को अंजाम देने के लिए नक्सली भय खा रहे हैं।

### बदलाव के लिए की कड़ी मेहनत

बदलाव को लेकर सीआरपीएफ के सेकेंड इन कमांड रंजन कुमार बहाली ने बताया कि ये बदलावा अचानक से नहीं हुआ।पिछले 10 साल से इसके लिए पुलिस और प्रत्येक सुरक्षा जवान मेहनत किया है।बहाली ने कहा कि नक्सली जवानों को बहला फुसला कर अपने कुनबे में शामिल कर रहे थे।अंदरूनी इलाके के गांव गांव में डर का माहौल था।पहले सीआरपीएफ कैंप के भीतर हम सिविक एक्शन प्रोग्राम करते थे।क्योंकि गांव वाले शामिल होने से डरते थे।अब हम गांव में जाकर सफल जन कल्याण शिविर लगाते हैं।अब ग्रामीण खुल कर मिलते है।एक दूसरे के आयोजन में हम शामिल होते हैं।निडर होकर गांव गांव के जवान अब पुलिस सेना में शामिल हो रहे हैं जो एक सुखद माहौल की अनुभूति कराता है।

## खबर संक्षेप



### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने किया आवास सर्वे

**बागबाहरा।** प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य के दौरान जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 अंतर्गत ग्राम पंचायत हाथीबाहरा के आश्रित ग्राम बिछलादादर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर सभा को संबोधित किया एवं सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।
कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर ने आवास की हितग्राही महिला दीदी नीरा बरिहा के आवास हेतु ऑनलाइन पोर्टल सर्वेक्षण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य माधव मांझी, ग्राम प्रमुख विजय निषाद, पंच बिंदेश्वरी ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अजय ध्रुव, संरक्षक आदिवासी युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव, ताराचंद ठाकुर, विश्वनाथ बरिहा, ताराचंद बरिहा, आवास इंजीनियर वेदप्रकाश नेताम, रोजगार सहायक आसन ठाकुर, आवास मित्र, मातृ शक्तियों सहित युवा साथीगण एवं ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पांडा की पुस्तक हॉकी इन इंडिया का विमोचन



**महासमुंद।** पीएनबी के पूर्व महाप्रबंधक और लेखक बिष्णु मोहन पांडा ने दिल्ली में अपनी नई पुस्तक - हॉकी इन इंडिया का विमोचन किया और इसे हॉकी के दिग्गज पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता हरबिंदर सिंह (1964 ओलंपिक में स्वर्ण, 1968 ओलंपिक में कांस्य और 1972 ओलंपिक में कांस्य विजेता) के अलावा कई अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों और राष्ट्रीय स्टेडियम, दिल्ली में ओलंपियन अभिषेक नैन को भी प्रस्तुत किया, जो 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और कई महत्वपूर्ण हॉकी पुरस्कार प्राप्तकर्ता रहे हैं। पुस्तक का विमोचन 18 अप्रैल 2025 को भुवनेश्वर में किया गया और इसे कलिंगा स्टेडियम में हॉकी के दिग्गज, पद्म श्री, अर्जुन पुरस्कार विजेता, कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता और वर्तमान में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष को भेंट किया गया। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ सहित भारत में हॉकी के हर स्तर का व्यापक कवरेज देती है। पुस्तक में छत्तीसगढ़ राज्य के हॉकी खिलाड़ियों का संक्षिप्त विवरण, स्टेडियमों और राज्य में हॉकी के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई है। पुस्तक में शामिल विभिन्न विवरण इस खेल के प्रति हमारी समझ को बढ़ाएंगे, जो न केवल एक खेल है, बल्कि भारत का राष्ट्रीय गौरव भी है। श्री पांडा ने भगवान राम, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और बैंकिंग आदि पर पुस्तकों के अलावा मुख्य रूप से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और नेपाल से संबंधित पर्यटन और संस्कृति पर 26 पुस्तकें लिखी हैं।

### आशीबाई स्कूल के एटीएल के लोगो की घोषणा

**महासमुंद।** वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे के विशेष अवसर पर अटल टिंकरिंग लैब, आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद ने एक उल्लेखनीय निर्णय लेते हुए आधिकारिक लोगो की घोषणा की। यह लोगो भूतपूर्व छात्र श्वेत कुमार ध्रुव द्वारा पूर्व में आयोजित क्रिएटिव लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के अंतर्गत डिज़ाइन किया गया था, जिसमें उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।
आज के दिन, जब पूरी दुनिया रचनात्मकता और नवाचार का उत्सव मना रही है, एटीएल ने इस खास मौके को श्वेत कुमार की प्रतिभा को सम्मान देने के रूप में चुना। उनके द्वारा डिजाइन किया गया लोगो अब विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब का आधिकारिक प्रतीक बन गया है।

# भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थीं मां कर्मा : असवंत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम जोबा में भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुआ। साहू समाज के ग्रामीण पदाधिकारी के द्वारा फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। भक्त माता कर्मा के चलचित्र की पूजा-अर्चना और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना, एक धार्मिक परंपरा है जो भक्त माता कर्मा के प्रति श्रद्धा और उनके आशीर्वाद की आशा व्यक्त करती है। पूजा-अर्चना, उनकी जीवन कथा, शिक्षाओं और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करने का एक तरीका है। साहू समाज को विशेष रूप से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

तुषार साहू ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा थी जिन्होंने समाज के उद्धार के लिए अपने हाथों से भगवान श्री कृष्ण को खिचड़ी खिलाई और आज भी ओडिशा में विराजमान जगन्नाथ मंदिर में प्रभु को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। आगे कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। अध्यक्ष मनहरण साहू, कुंदन साहू, जीवराखन, करण साहू, टीकाराम, लोचन, चेतन, राधे, बल्लू, रामप्रसाद, जनक, राजकुमार, भारत, नरोत्तम, जवाहर, यादराम, नरेश, भूपेंद्र, समस्त साहू समाज मां कर्मा आयोजित समिति माताएं, बहनें उपस्थित रहे।

# बाल विवाह करना व शामिल होना दोनों अपराध : बारिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

महिला बाल विकास विभाग की पैनी नजर बाल-विवाह रोकना शादियों का सीजन शुरू हो गया है. बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग सतर्क है। यदि किसी व्यक्ति की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में होती है तो उसे बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 लड़कियों के लिए न्यूनतम विवाह योग्य आयु 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित करता है




बाल विवाह के कारण मातृ एवं शिशु मृत्यु दर ज्यादा है। बाल विवाह के कारण कम उम्र की मां एवं बच्चे दोनों की स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है। बाल विवाह से जन्में नवजात शिशु का वजन कम रह जाता है, जिससे कुपोषण एवं खून की कमी की ज्यादा आशंका रहती है। बाल विवाह से शिक्षा के मूल अधिकार का भी हनन होता जो।

30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है ग्रामीण अंचल में अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शहर और ग्रामीण अंचलों में शुरू हो गई है. साथ ही इस दिन शहर और ग्रामीण अंचलों में कई शादियां होती हैं। इस दिन बाल विवाह होने की आशंका रहती है, ऐसे में महिला बाल विकास विभाग की टीम सक्रिय है, परियोजना अधिकारी श्री नारंग ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए जिला बाल संरक्षण, पुलिस, पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनती है, जो कार्रवाई करने पहुंचती है। वहीं बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है, जो गांवों में होने वाले बाल विवाह की जानकारी देते हैं।

बाल विवाह पर पैनी नजर रखे हुए महिला एवं बाल विकास की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक कहती हैं कि हम ग्राउंड लेवल पर काम करते हैं। गांव, पंचायत स्तर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी जुटाते हैं, जहां कहीं भी बाल विवाह होने की खबर मिलती है वहां पहुंचते हैं और शादी रुकवाते हैं, परिवार वालों को समझाते हैं कि बच्चों के बालिग होने पर ही उनकी शादियां करें अगर कोई जबरन शादी करने की कोशिश करता है तो हम कानूनी तरीके से उससे निपटते हैं।

# क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का फल फूल रहा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- बिना डर-भय के हो रहा गंभीर बीमारियों का इलाज, प्रशासन मौन

विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध कारोबार तेज़ी से फल-फूल रहा है। मेमरा, खुटेरी, गोपालपुर, टेका, गड़बेडा, लक्ष्मीपुर, किशनपुर और भोकलुडीह जैसे गांवों में कथित मेडिकल स्टोर्स खोलकर कुछ लोग खुद को डॉक्टर बताकर गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं। इन झोलाछापों को न तो प्रशासन का डर है, न ही कानून का भय।



ग्रामीणों से मोटी रकम वसूल कर ये लोग इलाज कर रहे हैं, जबकि इनके पास ना तो वैध चिकित्सकीय योग्यता है और ना ही किसी अधिकृत संस्था से पंजीयन। कुछ मेडिकल संचालकों ने उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों से प्राप्त डिप्लोमा (डी.फार्मा) दिखाकर मेडिकल लाइसेंस हासिल कर लिया है। इन डिग्रियों की वैधता पर भी अब सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में अचानक दर्जनों डिग्रियां प्रकट हो गई हैं।

### एमबीबीएस डॉक्टरों की अनुपस्थिति का लाभ उठा रहे

छोटे-छोटे गांवों में इन कथित मेडिकल स्टोर्स की भरमार है, जहां कोई एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध नहीं होता। ऐसे में ग्रामीणों की मजबूरी और अज्ञानता का लाभ उठाकर ये झोलाछाप खुद ही डॉक्टर, खुद ही फार्मासिस्ट और खुद ही कम्पाउंडर बन बैठे हैं। इनसे दवा लेने वालों की कोई पक्की रसीद नहीं दी जाती, न ही किसी मरीज का रिकॉर्ड रखा जाता है।

### प्रशासनिक चुप्पी से बढ़ रहा मनोबल

जिला प्रशासन की उदासीनता ने इन फर्जी डॉक्टरों के हौसले को और मजबूत किया है। यदि समय रहते कार्रवाई की गई होती तो शायद इस बढ़ते खतरे पर अंकुश लगाया जा सकता था। ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा यह खिलवाड़ अब गंभीर चिंता का विषय बन चुका है।

### सख्त कार्रवाई होगी

जैसे-जैसे हमें जानकारी मिल रही है, वैसे-वैसे कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में मेडिकल के आड़ में डॉक्टरी कर रहे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध जल्द ही नर्सिंग होम एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. पी. कुदेशिया,**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

### कार्रवाई की योजना बनी

झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की योजना बनाई गई है। जल्द ही जांच दल गठित कर मेडिकल स्टोर्स के आड़ में डॉक्टरी कर रहे लोगों कि जांच की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को गलत इलाज और धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

**-डॉ. बीबी कोसरिया,**
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी

### विहिप आज करेगा पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला दहन

**महासमुंद।** पश्चिम बंगाल में हिंदू के खिलाफ हुई हिंसा के चलते विश्व हिंदू परिषद द्वारा आज नेहरू चौक में पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला दहन किया जाएगा। विहिप का कहना है कि हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव है, जो कि विश्व हिंदू परिषद की सुविचारित राय एवं मांग भी है। इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला दहन एवं राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन दिया जाएगा।

## पेज 11 के शेष...

### लचर बिजली व्यवस्था...

से वोल्टेज एकदम कम हो गया है, जिसके कारण लोग बेहद परेशान हो गए है घर में पंखा, कुलर नहीं चल पा रहा है, दरअसल गरियाबंद सढौली से बिजली की मुख्य लाइन जंगल के भीतर से होकर मैनपुर आई है अहम बात ये है कि ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

**लोग बिजली की समस्या से परेशान-** वहीं अधिकारी जानकारी से वाकिफ होने के बाद भी खुद को बेबस बता रहे हैं, गरियाबंद मुख्यालय से लेकर मैनपुर, देवभोग, झाखरपारा तक सैकड़ों गांव के लोग प्रतिदिन बिजली की समस्या से परेशान है, ग्रामीणों की माने तो आए दिन बिजली खराब होने की शिकायते आम हो गई है।

### डीएवी स्कूल...

माध्यम से आत्मपरिवर्तन, सेवा और समर्पण के मूल्यों को सुंदर अभिव्यक्ति दी। प्राचार्या ने कहा कि डीएवी संस्था की स्थापना 1886 में हुई थी और आज यह संस्था भारत ही नहीं, विदेशों में भी शिक्षा का प्रकाश फैला रही है। 1000 से अधिक शिक्षण संस्थानों के माध्यम से 40 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने छात्रें से आह्वान किया कि वे अपने आचरण को उत्कृष्ट बनाएं और सकारात्मक सोच के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। शिक्षक अजय कश्यप ने कहा कि डीएवी केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि वह संस्कार, सेवा और समर्पण की पाठशाला है। हमें महात्मा हंसराज जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के उत्थान में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### डॉ. आंबेडकर ने...

पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष माव सिंह साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हफीज़ खान, बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर व जिले के विभिन्न समाज प्रमुखों की विशेष उपस्थिति रही। जिनमें उमेंदी सिंह कोर्राम अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज, नवल किशोर मेश्राम अध्यक्ष, बौद्ध महार समाज, अवधराम पात्रे अध्यक्ष, सतनामी समाज, अब्दुल कय्यूम अध्यक्ष, मुस्लिम जमाअत,सुरजीत सिंह कुकरेजा अध्यक्ष, सिख समाज, गंगाराम साहनी अध्यक्ष, साहनी समाज, गेंदलाल सिन्हा अध्यक्ष, कलार समाज, बीरू यादव अध्यक्ष, यादव समाज, नोबल सेन अध्यक्ष, सेन समाज, हरीश ठक्कर वरिष्ठ, गुजराती समाज, सालिकराम निषाद अध्यक्ष, निषाद समाज शामिल रहे।

### जहां भक्ति वहां...

जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। सोमवार को गीता पाठ, हवन, कलश विसर्जन, सहस्त्रधारा एवं भंडारे के साथ कथा सम्पन्न हो जाएगा। मार्गदर्शक पं. जितेन्द्र प्रसाद दुबे खम्हारिया, आचार्य पं. गिरजा शंकर तिवारी, मुलपाठ परायण करती देवी निशा किशोरी जी के द्वारा किया जा रहा है। संगीत की टीम में आर के म्यूजिकल ग्रुप देवदा आरंग राजेंद्र कयादव, नरेश मानिकपुरी, पुखराज धीवर। कथा में मुख्य यजमान गुलघर मरकाम, सावित्री बाई, दुरोबाई मरकाम, कमल-ममता बाई मरकाम, उमेश्वर-सरिताबाई मरकाम, हुमेन्द्र-कुमला ध्रुवा, लक्ष कुमार, नेविदिता, कुसुम, रूद्र कुमार, ईशान, अजय, कुमारी अंजली, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, पूर्व सरपंच उमेंद्र सोरी, योगाचार्य मिथलेश सिन्हा, तनीश नेताम, पूर्वांश, रुद्रांशी, एलिका सिन्हा, हीरालाल साहू, विनोद देवांगन, भावना ध्रुव, टंकेश्वर देवांगन, यूट्यूबर चितरंजन सिन्हा, राकेश दीवान, भूपेंद्र यादव एवं भक्तगण मौजूद थे।

# भोरिंग में संकुल स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को संकुल स्त्रोत केंद्र भोरिंग के तत्वावधान में संकुल स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पोखन ढीढी, अध्यक्ष, एसएमडीसी, हायर सेकेंडरी स्कूल भोरिंग ने की। समारोह में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनित विद्यालयों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय के सदस्यों को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने सुझाव दिया कि शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पूर्व ही संकुल स्तरीय बैठकों के माध्यम से आगामी योजनाओं को तैयार कर क्रियान्वयन पर बल देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की रीढ़ पालक, बालक, शिक्षक और समुदाय होते हैं, और यदि सभी अपनी जिम्मेदारियों का समर्पण भाव से निर्वहन करें तो शैक्षणिक परिणामों में निश्चित ही सुधार होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### छुईहा स्कूल का परीक्षा परीणाम जारी, 9वीं में सुकन्या व ग्यारहवीं में मीनाक्षी रही प्रथम

**छुईहा बेलर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल छुईहा कक्षा नौवीं, ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम गुरूवार को प्राचार्य एमके साहू ने प्रबंध समिति व छात्रों के बीच घोषित किया गया। परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें छुईहा स्कूल में अध्ययनरत मीनाक्षी साहू पिता टीकमचंद चरभट्टी की पुत्री ने कक्षा ग्यारहवीं बायो विषय में 88.83 प्रतिशत के साथ कक्षा प्रथम स्थान प्राप्त किया । वहीं कक्षा नौवीं में सुकन्या कल्याणी सिन्हा 93% अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वह अशोक सरस्वती सिन्हा की सुपुत्री है। छात्रों एवं पालकों ने स्कूल के प्राचार्य नारायण निषाद की स्कूल की अनुशासन और उनके कर्मठता के परिणाम स्वरूप छुईहा स्कूल अध्यापक कार्य संतोषजनक रहा है। परिणाम घोषित के अवसर पर स्कूल स्टाप, प्रबंध समिति, पालक, छात्र उपस्थित थे।

### अग्निवीर आशीष सिन्हा का किया गया स्वागत



**महासमुंद।** छग कलार समाज युवा मंच जिला महासमुंद के तत्वाधान में शनिवार को भलेसर नयापारा में अग्निवीर में चयनित आशीष सिन्हा पिता भेखलाल सिन्हा का सम्मान उनके निवास में समाज के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान माता बहादुर कलारिन, सहस्त्रबाहु अर्जुन देव एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया । अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे दीना राम सिन्हा जामगांव गरियाबंद थल सेना पदस्थ स्थान सियाचीन ने अपनी उद्बोधन में कहा कि- आर्मी में चयनित होना, आपके अथक परिश्रम, लगन, माता व पिता, गुरुजन एवं समाज का आशीर्वाद हैं । अग्निवीर बनकर मातृभूमि की सेवा करना हर युवा के लिए गौरव की बात है देश की सेवा करना अपने आप में एक तपस्या है, लाभ के दृष्टि से नहीं, निष्ठापूर्वक समर्पण भाव के साथ सेवा कर, अपने परिवार, समाज, राज्य एवं राष्ट्र का नाम रोशन करे। अध्यक्षता युवामंच जिलाध्यक्ष दौलत राम सिन्हा, मुख्य अतिथि दानेश्वर सिन्हा मंडलेश्वर परिक्षेत्र खल्लारी, अति विशिष्ट अतिथि दीनाराम सिन्हा आर्मी जवान थल सेना पदस्थ सियाचिन, विशिष्ट अतिथि राजेश डड़सेना पूर्व जिलाध्यक्ष युवामंच, राजेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष खल्लारी, धनवंतरि सिन्हा पुर्व निर्वाचन अधिकारी, संतोष नशीने, प्रांतीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ, तारकेश्वर डड़सेना क्षेत्राधिकारी , केवल सिन्हा सचिव, परिक्षेत्र सिरपुर, राजेश डड़सेना एवं अतिथि पूना राम सिन्हा वरिष्ठ प्रबुद्धगण, ठाकुर राम सिन्हा, भगवत सिन्हा , परस राम सिन्हा, ग्राम प्रमुख परिक्षेत्र खल्लारी, मानस सिन्हा, गजानंद सिन्हा, परदेशी सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, भेखलाल सिन्हा, उत्तर सिन्हा, यादराम सिन्हा, दीनाराम , राजा, उत्तम, महेश, कौशल हितेश सम्मिलित हुए ।

## निधन

### खोवालाल शर्मा



**राजिम।** पांडुका निवासी खोवालाल शर्मा उम्र 76 वर्ष का निधन रविवार दोपहर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार पांडुका के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिवार के लोग मौजूद थे। वे 7 भाई और 4 बहनों में सबसे बड़े थे। दुष्यंत शर्मा -दीपक शर्मा के पापा थे। वे हरिभूमि के ब्यूरो चीफ श्यामकिशोर शर्मा के बड़े भाई थे।

**कार्यक्रम : कंडरा आदिवासी समाज के आयोजित संत सुपल भगत जयंती कार्यक्रम में विधायक हुए शामिल**

# ईमानदारी की मिसाल है कंडरा समाज : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज द्वारा संत सुपल भगत जयंती कार्यक्रम मेला मैदान राजिम में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, विशेष अतिथि चंद्रशेखर साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पूर्णिमा चंद्राकर उपाध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, विशिष्ट अतिथि समाज प्रमुख कमलेश कंडरा,अशोक कंडरा, टीकम कटारिया, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा एवं सामाजिक बंधु ने शिरकत की।

- कंडरा समाज भवन के लिए विधायक रोहित द्वारा 25 लाख की घोषणा की

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू एवं अतिथियों के आगमन पर आकर्षक आदिवासी नृत्य से भव्य स्वागत किया गया। आदिवासी वेशभूषा एवं मांदर को थाप पर थिरकते नर्तकों ने माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज प्रमुखों द्वारा विधायक रोहित साहू, नपा अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू एवं उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक साफा, खुमरी, सुपली का हार एवं पुष्पहार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कंडरा समाज के प्रमुख एवं विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं समाज के लिए भवन एवं जमीन प्रदान करने की मांग रखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने उद्बोधन में कंडरा आदिवासी समाज के लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कंडरा समाज सामाजिक समरसता, एकजुटता एवं ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। वर्तमान परिवेश में सभी समाज के युवाओं को नशे की लत से बचने की जरूरत है। कंडरा आदिवासी समाज परंपरा का निर्वहन करने वाला समाज है। विधायक रोहित साहू ने कंडरा समाज भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। घोषणा पश्चात पूरे जनसमूह ने तालियों से विधायक रोहित साहू का अभिनंदन किया। विधायक साहू ने साय सरकार के सुशासन का जिक्र करते हुए कहा कि जिन माता बहनों का घर कच्चा है जिनको आवास की आवश्यकता है 30 अप्रैल तक आवास के लिए आवेदन करे। मोदी की गारंटी है कि हस गरीब को पक्का मकान मिलेगा।






### नृत्य दलों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा



कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज के कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य दलों अपनी प्रस्तुति दी। सुबह 11 बजे से ही मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कचना धुर्वा मांदरी लोक नृत्य उत्तर बस्तर कांकेर, कोयलिया रेला पाटा सिरसिदा कुरूद, कमार आदिवासी नृत्य दल देवरी छुरा, आदिवासी नृत्य दल कुरूद, पंडवानी भजन श्रीमती पुना बाई रमेश बासोड खट्टी की आकर्षक प्रस्तुति रही। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों एवं सामाजिकजनों ने नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर लुफ्त उठाया।

### बेटा अगर हीरा है तो मोती है बेटी : महेश

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज को सेवा भावना से कार्य करने वाला बताया। युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। श्री यादव ने कंडरा समाज भवन के जमीन आबंटन में पूरा सहयोग प्रदान करने का वादा किया। महेश यादव की कविता बेटा अगर हीरा है तो मोती है बेटियां पर खूब तालिया बटोरी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर एवं पार्षद तुषार कदम ने अपने सम्बोधन में कंडरा समाज के योगदान की प्रशंसा की। नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने अनेक सामाजिक रीतियों एवं शादी में उपयोग किए जाने वाले सुपा, पर्रा, टोकनी, धापा निर्माण की कला एवं परंपरा को जीवित रखने के लिए कंडरा समाज को धन्यवाद दिया। वही पार्षद तुषार कदम द्वारा पार्षद निधि से कंडरा समाज भवन में वॉटर प्यूरीफायर प्रदान करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन पवन बासवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल को सुपा, पर्रा, टूकना, बिजना, चुकिया एवं बास से बने समानों से सजाया गया था। कार्यक्रम में कुलेश्वर रेखा साहू, पार्षद बलराम, यादव,जानकी पटेल,नरोत्तम ठाकुर, आकाश राजपूत, अजय पटेल समाज के प्रबुद्ध लोग एवं भारी तादाद में कंडरा समाज के माता, बहने, बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे।

### भीषण गर्मी में राहत का संदेश दे रहा गुलेची का फूल



मैनपुर। इन दिनों भीषण गर्मी में मैनपुर नगर व क्षेत्र के चौक– चौराहों में गुलेची का फूल का निखार लोगों को सूकून दे रहा है।

**सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र व गमछा भेंट कर किया गया सम्मानित**

## आदमी कितना भी बड़ा बन जाए पर वह सदा समाज से छोटा होता है : खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सतनाम संदेश यात्रा समिति व सतनामी समाज द्वारा अभनपुर विधानसभा अंतर्गत नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आरंग व गुरू खुशवंत साहेब, अध्यक्षता अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं समाज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियो को प्रशस्ति पत्र व गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने कहा कि हम कितना भी बड़ा आदमी बन जाए समाज से बड़ा नहीं हो सकते जिस कुल व समाज में हमारा जन्म हुआ है उसके प्रति हमारी कही न कही जिम्मेदारी व कर्तव्य बनता है उस जिम्मेदारी को भी समझना जरूरी है, सतनाम संदेश यात्रा अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे एवं पूरी टीम लगातार समाज में कार्य है इस व्यवस्था के बाद भी समाज के सर्वांगीण विकास सुदृढ़ करने के लिए समाज मे एकता भाईचारा के लिए अपना समय देकर जो लोग सामाजिक कार्य को कर रहे है इसके फलस्वरूप गुरू घासीदास बाबा के आशीर्वाद से जनप्रतिनिधि चुने गए हैं। उन्होने कहा कि हमें पहचानना है कि कौन सी पार्टी या व्यक्ति हमारे समाज के लिए कार्य कर रहा है, आज मुख्यमंत्री द्वारा करोड़ों रुपए की समाज के उन्नति व विकास के लिए स्वीकृति मिली है हम सबको बढ़चढ़ कर उनका साथ देना चाहिए। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि सतनाम संदेश यात्रा के माध्यम से समाज के लोग शिक्षा से कैसे जुड़े, समाज मे जागरूकता लाने, गुरू घासीदास बाबा के संदेश विभिन्न गांवों तक पहुंचे इसी उद्देश्य के साथ सतनाम संदेश यात्रा निकालकर जनजागरण अभियान चलाया गया इसके परिणाम स्वरूप अनारक्षित सीटो में भी सतनामी समाज के लोग चुन कर आये है, यह सबके लिए गौरव की बात है कि आप सभी बहुत कम समय मे सफलता की ओर आगे बढ़े है राजनीति के क्षेत्र मे भी आगे बढ़






### शिक्षा, संस्कृति व सभ्यता के अभाव में समाज का पतन निश्चित

समाज के पदाधिकारियों से कहा कि सभी का दायित्व बनता है कि अपने अपने समाज में शिक्षा, संस्कृति, सभ्यता को बचा कर रखना है समाज अगर इन तीनों चीजों को बचा नहीं पाता उस समाज का पतन निश्चित है हम सभी को सात्विक विचारधारा मे चलकर बाबा जी द्वारा बताये गये संदेश का अनुसरण कर गांव, शहर का विकास करना है । इस अवसर पर जनपद अध्यक्षा चंद्रिका बंजारे,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,जिपं. सदस्य अन्नु तारक,सतनामी विकास समिति अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन, पूर्व जिपं. खेमराज कोसले, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, जनपद सदस्य धनेश्वरी डांडे, रानी सोनवानी, हिमांशु खरे, महेन्द्र खुटियारे, रानू दिलीप बंजारे, पार्षद नीलकमल गिलहरे, आसकरण गिलहरे, रूपनारायण साहू, बसंत कोसले, विजय सोनवानी, धरमचंद महिलांग, देव लहरे, राजकुमार बंजारे, राजेश जोशी, सुरेश भटट्, रामचंद महिलांग, राजेन्द्र अनेश्वरी, दयाराम जांगड़े आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## अटल परिसर निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय पटवारी कार्यालय के सामने अटल परिसर निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पूजा-अर्चना कर तथा पार्षदों की उपस्थिति में किया। श्री साहू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी ने कभी दलगत राजनीति नहीं की। उन्होंने देश सेवा को सर्वोपरि समझा। ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृतियों को सहेजने अटल परिसर का निर्माण प्रदेश के समस्त नगरीय निकाय क्षेत्रों में कराया जा रहा है। हमारे महासमुंद शहर में भी स्व. अटल जी की स्मृतियों को सहेजने इस कार्य का शुभारंभ आज हो रहा है, यह हमारा सौभाग्य है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति गुलशन साहू, सभापति सूरज नायक, सभापति जय देवांगन, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद भाऊ राम साहू, पार्षद राहुल अवाडे, पार्षद शेखर बेलदार, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, संजय भोई एवं सब इंजीनियर दिलीप कश्यप एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## खंड स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ 23 से

**खल्लारी।** खंड स्तरीय 51 कुंडीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन खंड बागबाहरा के मां खल्लारी के पावन धरा ग्राम खल्लारी मे 23 और 24 अप्रेल 2025 को आयोजित होने जा रहा है। यज्ञ सुबह 8 बजे से प्रातः 11.30 तक एवं भोजन प्रसाद भंडारा 12 से 1 बजे तक संध्या काल 5 बजे स्वस्थ उपदेश गीता प्रवचन के साथ 6 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा एवं श्री राम जी की आरती की जाएगी। यज्ञ का आयोजन सनातन चेतना आध्यात्मिक कल्याण राष्ट्र कल्याण के लिए किया जा रहा हैं। यज्ञ के कई आध्यात्मिक लाभ वैज्ञानिक लाभ हैं पर्यावरण सुरक्षा मे भी इसका प्रभाव हैं। प्राचीन सभ्यताओं मान्यताओं के अनुसार यज्ञ से अच्छी बारिस किसानो के अत्यधिक अन्न उत्पादन होने के साथ फसलों मे रोगों से बचाव होते हैं। साथ ही यज्ञ मे बैठने से यज्ञ मे डाली जाने वाली वन की सैकड़ों जड़ी बूटियों के आहुति से मनुष्य के शरीर को भी विभिन्न लाभ होते हैं। आज काल यज्ञ चिकित्सा थैरेपी भी इसी लाभ के कारण प्रचलित हो रही हैं यज्ञ कार्यक्रम मे प्रातः योग शिक्षा आयुर्वेद चिकित्सा का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा यज्ञ कार्यक्रम मे इंदौर से योग यज्ञचार्य आचार्य विश्वामित्र एवं कवर्धा भोरमदेव से यज्ञचार्य प्राकृतिक चिकित्सक एवं योग गुरु आचार्य लेखराम का आगमन होगा यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन के तत्वाधान मे समस्त सनातन परिवार बागबाहरा खंड द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं।

## विधायक ने ध्रुव गोंड़ समाज के सम्मेलन में की शिरकत, समाज की एकता को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम उरमाल में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र देवभोग का वार्षिक महासम्मेलन का आयोजन विवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्टदेव बुढादेव की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, अध्यक्षता खगेश्वर , खिलावनराम नेताम, लोकेश नेताम, पुरूशोत्तम ध्रुव, शंभु नेताम व वरिष्ठजन उपस्थित थे। इस दौरान आदिवासी समाज के विकास और उन्नति के संबंध में चर्चा किया गया। समाज में शिक्षा पर जोर देने की बात कही गई। शाम 04 बजे बुढ़ादेव स्थापना एवं रात में सामाजिक चर्चा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवनलाल पटेल, बैराम ध्रुव, जैलसिंह ध्रुव, दरबार सिंह ध्रुव, जयलाल ठाकुर, लैबानो ध्रुव, कुष्टोराम ध्रुव, प्रभुलाल मरई, मुकुन्द राम मरकाम, बरजो राम मरई, पुरून नेताम, धरम सिंह, महेन्द्र, लंबु नेताम, नारायण, भोखसिंह, वेदमल, रमेश धुरव, श्यामलाल, निरंजन ध्रुव, निर्मला ध्रुव, ओमबाई ध्रुव, चैतीबाई ध्रुव, पुष्पा बाई ध्रुव, शांति बाई ध्रुव कंचन मरकाम, कुन्ती मरकाम, एवं आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के सैकडों की संख्या में लोग शामिल थे।





